कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखंड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड–834002, Email : pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक : 270 राँची : 21/3/2024

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, राँची।

वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, राँची।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
खूँटी वन प्रमण्डल, खूँटी।

विषयः– खूँटी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत मेसर्स रूँगटा माईन्स लिमिटेड द्वारा परासी स्वर्ण ब्लॉक में खनन् हेतु प्रस्तावित 11.959 हे0 वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव।

प्रसंगः– विभागीय ज्ञापांक 910 दिनांक 13.03.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति अनुलग्नक सहित संलग्न करते हुए कहना है कि विभागीय पत्र में वर्णित Letter of Intent की समाप्ति अवधि से संबंधित प्रतिवेदन प्रयोक्ता अभिकरण से प्राप्त करते हुए अविलम्ब इस कार्यालय को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। ताकि तत्संबंधित वांछित सूचना विभाग को अग्रतर कार्रवाई हेतु समर्पित किया जा सके।

अनु0:–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

21/3/24

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

249

# झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

पत्र संख्या–वन भूमि–58 / 2019– व०प०, राँची, दिनांक–

प्रेषक,

**जलज कुमार,**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक,**
झारखण्ड, राँची।

**विषय :– खूँटी वन प्रमंडल के अंतर्गत मेसर्स रूँगटा माईन्स लिमिटेड द्वारा परासी स्वर्ण ब्लॉक में खनन् हेतु प्रस्तावित 11.959 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– 1. खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–15 दिनांक–03.01.2018 एवं पत्रांक–1770 दिनांक–09.07.2018
2. विभागीय ज्ञापांक–4441 दिनांक–30.11.2023

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के प्रासंगिक पत्र दिनांक–03.01.2018 द्वारा परासी स्वर्ण ब्लॉक में खनन कार्य हेतु मेसर्स रूँगटा माइन्स लिमिटेड को Preferred Bidder घोषित करते हुए Letter of Intent प्रदान किया गया है। साथ ही, उनके प्रासंगिक पत्र दिनांक–09.07.2018 द्वारा प्रदत्त Letter of Intent के Area of Mining Lease में कुछ संशोधन किए गए हैं।

उक्त Letter of Intent की समाप्ति अवधि का उल्लेख पत्र में नहीं है।

अनुरोध है कि प्रयोक्ता अभिकरण को प्रदत्त Letter of Intent की समाप्ति अवधि के संबंध प्रयोक्ता अभिकरण से सूचना प्राप्त करते हुए विभाग को अवगत कराने की कृपा की जाय ताकि विषयक परियोजना में अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

491
19/3/2024

ह0 / –
(जलज कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक–वन भूमि–58 / 2019– 910 व०प०, राँची, दिनांक– 13/3/24

प्रतिलिपि– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची / संयुक्त उपाध्यक्ष (BD), मेसर्स रूँगटा माईन्स लिमिटेड, रूँगटा हाउस, चाईबासा–833201 (झारखण्ड) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/3/2024
विशेष कार्य पदाधिकारी।

नितीश कुमार

248

# झारखण्ड सरकार
## वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

**पत्र संख्या–वन भूमि–58/2019–** **व०प०, राँची, दिनांक–**

प्रेषक,

**जलज कुमार,**
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

**सचिव,**
खान एवं भूतत्व विभाग,
झारखण्ड, राँची।

**विषय :– खूँटी वन प्रमंडल के अंतर्गत मेसर्स रूँगटा माईन्स लिमिटेड द्वारा परासी स्वर्ण ब्लॉक में खनन् हेतु प्रस्तावित 11.959 हे0 वनभूमि अपयोजन का प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– 1. खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–15 दिनांक–03.01.2018 एवं पत्रांक–1770 दिनांक–09.07.2018
2. विभागीय पत्रांक–4441 दिनांक–30.11.2023

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन विभागीय पत्र द्वारा मेसर्स रूँगटा माइन्स लिमिटेड को प्रदत्त Letter of Intent की समाप्ति अवधि के संबंध में प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, सूचना अबतक अप्राप्त है।

अनुरोध है कि वांछित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि विषयक परियोजना पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

ह0/–
(जलज कुमार)
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक–वन भूमि–58/2019– 909 व०प०, राँची, दिनांक– 13/3/24

प्रतिलिपि–प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची/प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची/संयुक्त उपाध्यक्ष (BD), मेसर्स रूँगटा माईन्स लिमिटेड, रूँगटा हाउस, चाईबासा–833201 (झारखण्ड) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/3/2024

विशेष कार्य पदाधिकारी।

14/3